85

EXTRACT FROM THE GAZETTE OF INDIA : PART II, SEC. 3 SUB. SEC. (i)

(Appearing on Page Nos. 55-59)
Dated : 23-12-92

# विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय

# MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

## अधिसूचना

(कंपनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 15 दिसंबर, 1992

सा.का.नि. 14.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कंपनी कार्य विभाग के अधीन अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कंपनी कार्य विभाग, अधीनस्थ कार्यालय (हिंदी अधिकारी) भर्ती नियम, 1992 है।
   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान : उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि : उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अन्य अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हता : वह व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति : इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा | सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम, 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| हिंदी अधिकारी | 3* (1992) उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी प्रत्येक क्षेत्र में एक *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह "ख" राजपत्रित अननुसचिवीय | 2000-60-2300-द.रो.-75-3200-100-3500 रु. | चयन | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

86

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 |
| लागू नहीं होता | नहीं | कुछ नहीं |

| भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा। |
|---|---|
| 11 | 12 |
| प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण :<br>केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार से ऐसे अधिकारी :--<br>(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या<br>(ii) जिन्होंने 1640—2900 रु. या समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर तीन वर्ष नियमित सेवा की है, और<br>(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं :--<br>आवश्यक :<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ हिंदी में मास्टर डिग्री या समतुल्य।<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर हिंदी विषय के साथ अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या समतुल्य<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अंग्रेजी और हिंदी विषयों के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य।<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी माध्यम से और डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य<br>या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम से और डिग्री स्तर पर हिंदी विषय के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या समतुल्य।<br>(ii) हिंदी में शब्दावली कार्य का और/या अंग्रेजी से हिंदी में अथवा हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का पांच वर्ष का अनुभव जिसमें तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य संबंधी कार्य को अधिमान्यता दी जाएगी।<br>या<br>हिंदी में अध्यापन, अनुसंधान लेखन या पत्रकारिता का पांच वर्ष का अनुभव।<br>वांछनीय :<br>(i) हायर सैकेंडरी/सीनियर सैकेंडरी स्तर पर संस्कृत और/या किसी आधुनिक भारतीय भाषा का ज्ञान।<br>(ii) टिप्पण और प्रारूपण से संबंधित हिंदी कक्षाएं या कार्यशालाएं आयोजित करने का अनुभव<br>2. 1640—2900 रु. के वेतनमान में ऐसे विभागीय ज्येष्ठ हिंदी अनुवादक के संबंध में भी जिसने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है, बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा। यदि पद पर उसका चयन कर लिया जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा। पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।<br>इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों के इसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| 13 | 14 |
| लागू नहीं होता | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

[फा. सं. ए-11013/10/85-प्रशा. (II), (जिल्द-I)]

रमेश कुमार, अवर सचिव

## MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 15th December, 1992

G.S.R. 14.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Hindi Officer in the subordinate offices under the Department of Company Affairs, namely :—

1. Short title and commencement .—(1) These rules may be called the Department of Company Affairs, Subordinate Offices (Hindi Officer) Recruitment Rules, 1992.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications etc.—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (14) of the said Schedule.

4. Disqualification :—No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living;

(b) who having a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person:

shall be eligible for appointment to the said post .

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to the person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax .—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving .—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

### SCHEDULE

| Name of post | Number of post | Classification | Scale of Pay | Whether Selection post or non-selection post | Age limit for direct recruits | Whether benefit of added years of Service, admissible under rule 30 of Central Civil Service (Pension) Rules, 1972 | Educational and other qualifications required for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Hindi Officer | 3* (1992) One each in Northern, Eastern and Westtern Regions. *Subject to variation dependent on work-load. | General Central Service, Group 'B' Gazetted Ministerial | Rs. 2000-60-2300-EB-75-3200-100-3500 | Selection | Not applicable | Not applicable | Not applicable |

| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Five year's experience of teaching, research, writing or journalism in Hindi.<br><br>Desirable<br>(i) Knowledge of Sanskrit and/or a modern Indian Language at Higher Secondary/Senior Secondary level.<br>(ii) Experience in organising Hindi classes or workshops for noting and drafting.<br><br>2. The Departmental Senior Hindi Translator in the Scale of Rs. 1640-2900/- with three years' regular service in the grade shall also be considered alongwith outsiders. In case he is selected to the post, the same shall be deemed to have been filled by promotion.<br><br>The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.<br><br>Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/Department of the Central Government/State Governments shall ordinarily not exceed three years.<br><br>The maximum age limit for appointment by transfer on deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications. | | |

[F. No. A. 11013/10/85-Ad. (II) (Vol. I)]

UMESH KUMAR, Under Secy.

MGIPRRND—3146 L & J/92—VII—27-1-93—200